C **M**

# वार्षिक परीक्षा 2024

समय : 3 घण्टे | कक्षा-IX | पूर्णांक : 70

## विषय : हिन्दी

नोट: (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

### खण्ड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोट-सही विकल्प चुनकर OMR शीट में भरिये- प्रत्येक 1 अंक

1- भारतेन्दु युग के प्रसिद्ध कहानीकार है-
(i) राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह (ii) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'
(iii) जयशंकर प्रसाद (iv) अम्बिकादत्त व्यास

2- 'द्विवेदी युग' का नामकरण हुआ है-
(i) महावीरप्रसाद द्विवेदी के नाम पर (ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी के नाम पर
(iii) जयशंकरप्रसाद के नाम पर (iv) रामकुमार वर्मा के नाम पर

3- 'कवि-वचन सुधा' के सम्पादक थे-
(i) प्रतापनारायण मिश्र (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iii) प्रेमचन्द (iv) बालकृष्ण भट्ट

4- 'मन्त्र' कहानी के कहानीकार हैं-
(i) महादेवी वर्मा (ii) हजारीप्रसाद द्विवेदी (iii) कमलेश्वर (iv) प्रेमचन्द

5- हिन्दी का प्रथम महाकाव्य है-
(i) खुमान रासो (ii) साहित्य लहरी (iii) पृथ्वीराज रासो (iv) साकेत

6- 'बीजक' रचनाओं का संकलन है-
(i) मंझन (ii) गुरुनानक (iii) रामानन्द (iv) कबीर

7- हिन्दी-साहित्य के किस काल को 'पूर्व मध्यकाल' कहा जाता है-
(i) आदिकाल (ii) भक्तिकाल (iii) रीतिकाल (iv) आधुनिक काल

8- आदिकाल का ग्रन्थ नहीं है-
(i) कीर्तिलता (ii) बीसलदेव रासो (iii) आल्हखण्ड (iv) पद्मावत

9- 'सूरसागर' के रचनाकार हैं-
(i) तुलसीदास (ii) कबीरदास (iii) सूरदास (iv) जायसी

10- निम्नांकित में रामभक्तिशाखा के कवि कौन नहीं है-
(i) तुलसीदास (ii) चतुर्भुजदास (iii) अग्रदास (iv) नाभादास

11- जहाँ पर शब्दों की पुनरावृत्ति हो और उनके अर्थ भी अलग-अलग हों, वहाँ पर अलंकार होता है-
(i) श्लेष (ii) उपमा (iii) उत्प्रेक्षा (iv) यमक

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

12- किस समास में पूर्वपद अव्यय होता है-

(i) कर्मधारय समास (ii) द्विगु समास
(iii) तत्पुरुष समास (iv) अव्ययीभाव समास

13- अर्द्धविराम चिन्ह है-

(i) (:) (ii) (;) (iii) (,) (iv) ( ! )

14- 'कुक्कुर' शब्द का तद्भव है-

(i) कुकर (ii) कुकर्म (iii) कुत्ता (iv) कार्य

15- 'अस्त' का विलोम शब्द है-

(i) निकलना (ii) उगना (iii) चमकना (iv) उदय

16- 'कनक' शब्द किसका पर्यायवाची नहीं है-

(i) सोना (ii) चाँदी (iii) गेहूँ (iv) धतूरा

17- 'शीतर्तु:' का सन्धि-विच्छेद होगा-

(i) शीत:+तु: (ii) शीत+रतु: (iii) शी+तर्तु: (iv) शीत+ऋतु:

18- 'हरी' में विभक्ति और वचन है-

(i) प्रथमा विभक्ति, एकवचन (ii) प्रथम विभक्ति, बहुवचन
(iii) द्वितीय विभक्ति, द्विवचन (iv) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन

19- 'रामेभ्य:' में विभक्ति और वचन है-

(i) तृतीया विभक्ति, बहुवचन (ii) पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन
(iii) चतुर्थी विभक्ति, द्विवचन (iv) षष्ठी विभक्ति, द्विवचन

20- 'गच्छथ:' रूप है, गम् धातु का-

(i) लोट्लकार, मध्यम पुरुष, द्विवचन (ii) लङ्लकार, मध्यम पुरुष, बहुवचन
(iii) लृट्लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन (iv) लट्लकार, मध्यम पुरुष, द्विवचन

## खण्ड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

21- निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

पर उसके मन की ऐसी दशा थी, जो बाजे की आवाज कान में पड़ते ही उपदेश सुनने वालों की होती है। आँखें चाहे उपदेशक की ओर हों, पर कान बाजे ही की ओर होते हैं। दिल में भी बाजे की ध्वनि गूँजती रहती है। शर्म के मारे जगह से नहीं उठता। निर्दयी प्रतिघात का भाव भगत के लिए उपदेशक था, पर हृदय उस अभागे युवक की ओर था, जो इस समय मर रहा था, जिसके लिए एक-एक पल का विलम्ब घातक था।

i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2
ii) उपदेश सुनने वाले संगीत प्रेमी की स्थिति कैसी होती है? 2
iii) मरने वाला युवक कौन था? 2

अथवा

www.mseducationtv.com Scanned with OKEN Scanner

वहीं हरा-भरा मैदान था, वही सुनहरी चाँदनी एक निःशब्द संगीत की भाँति प्रकृति पर छाई हुई थी, वही मित्र-समाज था। वहीं मनोरंजन के सामान थे। मगर जहाँ हास्य की ध्वनि थी, वहाँ अब करुण-क्रन्दन और अश्रु-प्रवाह था।

i) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। 2

ii) चाँदनी के निःशब्द संगीत के छाने का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

iii) जहाँ हास्य की ध्वनि थी, वहाँ अब करुण-क्रन्दन और अश्रु-प्रवाह क्यों था? 2

**22- निम्नांकित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

पायो जी म्हैं तो राम रतन धन पायो। वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, किरपा कर अपनायो॥
जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सभी खोवायो। खरचै नहिं कोइ चोर न लेवै, दिन-दिन बढ़त सवायो॥
सत की नाव खेवटिया सतगुरू, भव-सागर तर आयो। मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, हरख-हरख जस गायो॥

i) मीरा ने कौन-सा धन प्राप्त किया है? 2

ii) मीरा को सतगुरु ने कौन-सी अनमोल वस्तु दी है और उसका इन्होंने क्या किया है? 2

iii) भवसागर को तरने का मीरा के पास कौन-सा साधन है? **अथवा** 2

'माँ जल दे, कुछ प्यासे होंगे, क्या बैठी कर रही यहाँ?
मुखर हो गया सूना मंडप, यह सजीवता रही कहाँ?
आत्मीयता घुली उस घर में, छोटा सा परिवार बना,
छाया एक मधुर स्वर उस पर, श्रद्धा का संगीत बना।

i) सूना मंडप मुखर कैसे हो गया? 2

ii) जंगल में छोटा सा परिवार कैसे बन गया? 2

iii) 'श्रद्धा का संगीत बना' का क्या आशय है? 2

**23- क) निम्न संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद अपने शब्दों में कीजिये-** 3+1

'परमहंसस्य रामकृष्णस्य जीवनचरितं धर्माचरणस्य प्रायोगिकं विवरणं विद्यते। तस्य जीवनम् अस्मभ्यम् ईश्वरदर्शनाय शक्तिं प्रददाति। तस्य वचनानि न केवलं कस्यचित् नीरसानि ज्ञानवचनानि अपितु तस्य जीवनग्रन्थस्य पृष्ठानि एव। तस्य जीवनम् अहिंसायाः मूर्तिमान् पाठः विद्यते। **अथवा**

यदा अयं बालः एव आसीत् तदा कंसः तं हन्तुं क्रमशः बहून् राक्षसान् प्रैषयत्, परं श्रीकृष्णः स्वकौशलेन शौर्येण च तान् सर्वान् अहन्। स न केवलं राक्षसेभ्यः अपितु अन्याभ्यः विपद्भ्यः गोकुलवासिनो जनाना् अरक्षत्। एकदा वर्षाकाले गोकुले यमुनायाः जलं वेगेन अवर्धत, तदा श्रीकृष्णः स्वप्राणान् अविगणय्य सर्वान् गोकुलनिवासिनः अरक्षत्। एवमेव सन्दीप्ते वह्नौ अयं सर्वान्

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

पशून् गोपालान् च ततः अत्रायत। एवं निरन्तरं गोकुलवासिनां जनानां कष्टानि निवारयन् तेषां हृदये पदमधारयत्।

ख) निम्न संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिये- 3+1

सत्यव्रतं सत्यपरं त्रिसत्यं, सत्यस्य योनिं निहितं च सत्ये।
सत्यस्य सत्यम् ऋतसत्यनेत्रं, सत्यात्मकं त्वां शरणं प्रपन्ना॥ अथवा
सत्याधारस्तपस्तैलं दयावर्तिः क्षमा शिखा।
अन्धकारे प्रवेष्टव्ये दीपो यत्नेन वार्यताम्।

24- 'दीपदान' अथवा 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण अथवा सारांश लिखिए। 5

25- क) निम्न लेखकों में से किसी एक का जीवन-परिचय एवं उसकी एक रचना का उल्लेख कीजिए। 3+1

(i) महादेवी वर्मा (ii) रवीन्द्रनाथ टैगोर (iii) प्रेमचन्द

ख) निम्न कवियों में से किसी एक का जीवन-परिचय एवं उसकी एक रचना का उल्लेख कीजिए। 3+1

(i) हरिवंशराय बच्चन (ii) कबीरदास (iii) मैथलीशरण गुप्त

26- अपनी पाठ्य पुस्तक के कंठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। https://www.upboardonline.com 2

27- निम्न प्रश्नों में किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिये- 4

(i) भक्तः ईश्वरं किं याचते? (ii) रामः कस्मिन् कार्येरतः?
(iii) कीदृशो मार्गः सर्वोतमः भवति? (iv) कंसः कीदृशः शासकः आसीत्?

28- निम्न मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य-प्रयोग कीजिये- 2

(i) कान में तेल डालना (ii) लकीर का फकीर होना
(iii) अन्धी पीसे कुत्ता खाय (iv) थोथा चना बाजे घना।

29- निम्न में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिये- 4

(i) दान से कीर्ति बढ़ती है। (ii) तुम कल बाजार जाओगे।
(iii) तुम्हारा नाम क्या है? (iv) राम के लिए नमस्कार है।

30- शुल्क-मुक्ति के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिये। अथवा 5
अपने प्रधानाचार्य को बुखार के कारण दो दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिये।

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner